# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुवाँरका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

website-msuniversity.ac.in  E-mail ID – nss@msuniversity.ac.in


पत्रांक : 104 / 02 / एन.एस.एस. / एम.एस.यू. / 2024–25  दिनांक: 17 / 10 / 2024

सेवा में,  **अनुस्मारक / अतिमहत्वपूर्ण**

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान,
माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर।

**विषयः–मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम कराये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक शिक्षा निदेशक (उ0शि0), शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग, प्रयागराज के पत्र सं0–डिग्री विकास / 1269 / 2024–25 दिनांकः 16.10.2024, डिग्री विकास / स0नि0 / 12 / 2024–25 दिनांकः 04.10.2024 (छायाप्रति संलग्न) एवं कार्यालय पूर्व पत्रांकः सं0–101 / 02 / एन.एस.एस. / एम.एस.यू. / 2024–25 दिनांकः 10.10.2024 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराये जाने तथा मिशन शक्ति फेज–5 एक्टिविटी की एक्शन फोटोज सेल्फ स्पीकिंग फोटोज के साथ निर्धारित प्रारूप पर शार्ट राइटअप / डिसक्रिप्शन विभाग के नोडल अधिकारी को इमेल–dhemissionshakti@gmail.com पर उपलब्ध कराने हेतु निर्देश दिये गये थे। परन्तु आप द्वारा अद्यतन सूचना अप्राप्त है।

आपको यह भी अवगत कराया गया है कि 90 दिवसीय मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत प्रत्येक महाविद्यालय में प्रत्येक कार्यक्रम न्यूनतम दो बार आयोजित किया जाना अनिवार्य है। समस्त सूचना मिशन शक्ति पोर्टल पर प्रतिदिन अपलोड़ किया जाना है, जिसकी प्रतिदिन की सूचना का अनुश्रवण / परीक्षण मा0 मुख्यमन्त्री कार्यालय स्तर से किया जाना है।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आपको निर्देशित किया जाता है कि आप संलग्न पत्र में दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुरूप आवश्यक कार्यवाही कराना सुनिश्चित करे तथा कृत कार्यवाही की प्रतिदिन की रिपोर्ट अपराह्न् 03:00 बजे तक ईमेल–msumissionshakti@gmail.com पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित करे। जिससे सूचना शासन को ससमय प्रेषित की जा सके।

संलग्नकः यथोपरि।

भवदीय

(डा0 भूपेन्द्र कुमार)
कार्यक्रम समन्वयक /
नोड़ल अधिकारी मिशन शक्ति

**प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–**

01. कुलपति कार्यालय को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
02. कुलसचिव कार्यालय को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
03. फाईल।

कार्यक्रम समन्वयक /
नोड़ल अधिकारी मिशन शक्ति

## उच्च शिक्षा विभाग

### मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत 90 दिवसीय आयोजित कार्यक्रमों का विवरण (प्रारम्भ दिनांक : 03–10–2024 से .10.2024 तक)

| क्रम संख्या | प्रतिभाग करने वाले/विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की संख्या (विश्वविद्यालय/राजकीय/अशासकीय/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय) | काव्यपाठ/स्लोगन/निबन्ध/गीत एवं नुक्कड़ नाटक | | नवरात्रि के नव दिनों पर आधारित मां दुर्गा के अलग–अलग 09 रूपों पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों का आयोजन | | भारत की वीरांगनाओं के जीवन चरित्र पर आधारित व्याख्यान एवं नाटक प्रतियोगिताओं का आयोजन | | उच्च शिक्षण संस्थानों मे गुड टच एवं बैड टच के बारे मे जागरूकता | | उच्च शिक्षण संस्थानों मे माह मे एक दिन महिला स्वास्थ्य परीक्षण/काउन्सलर की उपस्थिति मे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित काउन्सलिंग की व्यवस्था | | कैरियर व कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण | | सुप्रीम कोर्ट की विशाखा गाईड लाईन के अनुसार जागरूकता | | छात्राओं की शिकायतों के निवारण हेतु शक्ति केन्द्र का गठन | | | हेल्थ हाइजीन सैनिटेशन की व्यवस्था | | साईबर सुरक्षा कार्यक्रम | | महिलाओं की सुरक्षा संबंधी हेल्पलाइन नम्बर जैसे–112, 1090, 108 को वालपेंटिंग के माध्यम से संस्थाओं में प्रदर्शन | उपलब्धि प्राप्त महिलाएं जो अपने–अपने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कार्य किया हो उनके व्याख्यान/कार्यशालाएं | | विधि विभाग तथा जिला स्तरीय समितियों से समन्वयोपरान्त व्याख्यान/काउन्सलिंग | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | संख्या | प्राप्त शिकायत | निस्तारण | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या | कुल कार्यक्रम | प्रतिभाग करने वाले छात्राओं की संख्या |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 | 21 | 22 | 23 | 24 | 25 | 26 | 27 | 28 |
| 1 | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

NSS-148
17.10.2024

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग,
प्रयागराज।

अनुस्मारक – 2/अत्यन्त महत्वपूर्ण/ई - मेल

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी,
उ0प्र0।

2. समस्त कुलसचिव,
राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उ0प्र0।

पत्रांकः- डिग्री विकास/ 1269 /2024-25 दिनांक – 16 / 10 /2024

**विषय – मिशन शक्ति फेज – 5 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र दिनांक 04 अक्टूबर, 2024, पूर्व प्रेषित निदेशालय के पत्र डिग्री विकास/सं0नि0/12/2024-25 दिनांक 04.10.2024, डिग्री विकास/1246/2024-25 दिनांक 14.10.2024, डिग्री विकास/1249/2024-25 दिनांक 14.10.2024 एवं डिग्री विकास/1254/2024-25 दिनांक 15.10.2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालयों से एवं समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों से मिशन शक्ति फेज – 5 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम कराये जाने की अपेक्षा की गयी थी।

उक्त के संबंध में आपको निर्देशित किया गया था कि उच्च शिक्षा विभाग की कार्य योजना के अनुसार कार्यक्रम संपन्न कराये जायें तथा इस पत्र के साथ संलग्न प्रारूप में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की **दिनांक 05 अक्टूबर, 2024 से 15 अक्टूबर, 2024 तक** की बेस्ट मिशन शक्ति फेज – 5 एक्टिविटी की एक्शन फोटोज सेल्फ स्पीकिंग फोटोज के साथ शार्ट राइटअप/डिस्क्रिपशन के साथ वीडियोज इस कार्यालय की ई – मेल आई0डी0 **dhemissionshakti@gmail.com** तत्काल उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। **परन्तु आप द्वारा अद्यतन सूचना अप्राप्त है।**

सूच्य है कि उक्त निर्देश के क्रम में केवल जननायक चन्द्रशेखर विश्वविद्यालय, बलिया, ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ, वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय, जौनपुर, माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर, महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी, डॉ0 भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा, छत्रपनि साहूजी महाराज विश्वविद्यालय, कानपुर, प्रो0 राजेन्द्र सिंह (रज्जू भय्या) विश्वविद्यालय, प्रयागराज एवं महाराज सुहेलदेव विश्वविद्यालय, आजमगढ़ से ही सूचना ई – मेल पर प्राप्त हुई है। शेष विश्वविद्यालयों से सूचना अप्राप्त है।

**समस्त कुलसचिवों (मिशन शक्ति नोडल अधिकारी नामित न किये जाने वाले विश्वविद्यालय) से अनुरोध है कि मिशन शक्ति के क्रियान्वयन हेतु निर्धारित प्रारूप पर नोडल अधिकारी नामित करते हुए मिशन शक्ति फेज – 5 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम आयोजित कराकर उसकी प्रतिदिन सूचना नामित नोडल अधिकारी के माध्यम से क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।**

समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया जाता है कि आप अपने स्तर से विश्वविद्यालयों से समन्वय स्थापित करते हुए विश्वविद्यालय से मिशन शक्ति की सूचना प्रतिदिन प्राप्त करते हुए विश्वविद्यालय, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालयों की समग्र सूचना

संकलित कर निर्धारित प्रारूप पर 25 फोटो एवं वीडियो सहित पूर्व में दिये गये निर्देशों के क्रम में प्रतिदिन सायं 4.00 बजे तक प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

अतएव प्रकरण की महत्ता के दृष्टिगत समयबद्धता एवं व्यक्तिगत ध्यान अपेक्षित है।

संलग्नक – यथोक्त।

भवदीय,

16/10/24

डॉ0 (अपर्णा मिश्रा)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उच्च शिक्षा निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृ0सं0 – डिग्री विकास/ 1269-71 /उसी तिथि को।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग – 03, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
2. समस्त प्राचार्य, राजकीय/अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि आप अपने – अपने महाविद्यालय की सूचना संबंधित क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

16/10/24

डॉ0 (अपर्णा मिश्रा)
संयुक्त शिक्षा निदेशक (उ0शि0),
उच्च शिक्षा निदेशालय,
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

प्रेषक,

शिक्षा निदेशक (उच्च शिक्षा)
शिक्षा डिग्री विकास अनुभाग
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

Rg/1152
09/10/24

D.R
09/10/2024

सेवा में,

1. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी उत्तर प्रदेश।
2. कुलसचिव, राज्य/निजी विश्वविद्यालय उत्तर प्रदेश।
3. समस्त प्राचार्य राजकीय/ अशासकीय सहायता प्राप्त/स्ववित्तपोषित महाविद्यालय उत्तर प्रदेश।

DRc-495
14/10/24

पत्रांक डिग्री विकास स0नि0/ 12 /2024-2 दिनांक-04/10/2024

विषयः-मिशन शक्ति फेज़-5 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना के अनुसार कार्यक्रम कराये जाने के संबंध में।

महोदय,

अनुज (N.S.S)

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र सं0 2547/सत्तर-3-2024 दिनांक 04/10/2024 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जो मिशन शक्ति फेज़-5 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की कार्य योजना के अनुसार कार्यक्रम कराये जानें के संबंध में है।

उपकुलसचिव
15.10.24

समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय अपने विश्वविद्यालय में किसी अधिकारी को नोडल अधिकारी के रूप में नामित करते हुए निर्धारित प्रारूप पर सूचना उपलब्ध करायें।

| क्रम सं0 | नोडल अधिकारी का नाम | पदनाम | मो0नं0 | ई-मेल |
|---|---|---|---|---|

उक्त के संबंध में निर्देशित किया जाता है कि उच्च शिक्षा विभाग की कार्य योजना के अनुसार कार्यक्रम संपन्न कराये जायें तथा निम्नांकित प्रारूप में विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की बेस्ट मिशन शक्ति फेज़-5 एक्टिविटी की एक्शन फोटोज़ सेल्फ स्पीकिंग फोटोज़ के साथ शार्ट राइटअप/डिसक्रिप्शन विभाग के नामित नोडल अधिकारी को Email-dhemissionshakti@gmail.com पर प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

| विश्वविद्यालय/महाविद्यालय का नाम | एक्टिविटी | उद्देश्य/लक्ष्य | प्रतिभागियों की संख्या | दिनांक | उपलब्धियाँ |
|---|---|---|---|---|---|

संलग्नक-यथोक्त

भवदीय,

डॉ0 (अजीत कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (उच्च शिक्षा)
/नोडल अधिकारी 'मिशन शक्ति'
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

पृष्ठांकन संख्या-डिग्री विकास/स0नि0/ / उसी तिथि को।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1-विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-3 उ0प्र0, शासन लखनऊ

2-तकनीकी सहायक, उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि वेबसाइट पर अपलोड करायें।

मॉं शाकम्भरी वि0 वि0 सहारनपुर
श्री अनुज कुमार (NSS Sports) को
आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
Date Month Year
कुल सचिव

डॉ0 (अजीत कुमार सिंह)
सहायक निदेशक (उच्च शिक्षा)
/नोडल अधिकारी 'मिशन शक्ति'
उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

उत्तर प्रदेश शासन
उच्च शिक्षा अनुभाग–3
संख्या–2517/सत्तर–3–2024
लखनऊ: दिनांक: 04 अक्टूबर, 2024

**विशेष सचिव,**
गृह (पुलिस), अनुभाग–15,
उ0प्र0 शासन

अवगत कराना है कि अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में सम्पन्न बैठक दिनांक 03.10.2024 में उच्च शिक्षा विभाग की प्रस्तावित कार्ययोजना में कतिपय बिन्दुओं को सम्मिलित कर संशोधित कार्ययोजना तैयार कर उक्त कार्ययोजना पर प्रमुख सचिव महोदय का अनुमोदन प्राप्त करते हुए गृह (पुलिस) अनुभाग–15, उ0प्र0 शासन को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये हैं।

2– इस सम्बन्ध में संशोधित कार्ययोजना संलग्न कर प्रेषित है।

संलग्नक–यथोक्त।

(एस0पी0 मिश्र)
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज, कुलसचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0 एवं विशेष कार्याधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक/नोडल अधिकारी को इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि उक्त कार्ययोजना में उल्लिखित बिन्दुओं पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये उसकी सूचना समयान्तर्गत शासन को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2– डॉ0 अजीत कुमार सिंह, सहायक निदेशक/नोडल अधिकारी, मिशन शक्ति को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि अपने स्तर से सम्बन्धितों को निर्देशित करते हुये कार्ययोजना का अनुपालन कराते हुये अनुपालन आख्या सम्बन्धितों को प्रेषित करते हुये उसकी एक प्रति शासन को भी उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

आज्ञा से,

(एस0पी0 मिश्र)
उप सचिव।

# मिशन शक्ति फेज–5 के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की कार्ययोजना

- प्रदेश के उच्च शिक्षण संस्थानों मे महिला सशक्तीकरण से सम्बन्धित काव्य पाठ, स्लोगन निर्माण, निबंध, गीत एवं नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जाना।
- नवरात्रि के नौ दिनो पर आधारित माँ दुर्गा के अलग–अलग नौ रूपो पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओ एवं कार्यक्रमो का आयोजन किया जाना।
- भारत की वीरांगनाओ के जीवन चरित्र पर आधारित व्याख्यान एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना।
- उच्च शिक्षण संस्थानो मे छात्राओ को गुड टच एवं बैड टच के बारे में जागरूक किया जाना।
- प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान में माह मे एक दिन महिला स्वास्थ्य परीक्षक काउंसलर की उपस्थिति मे स्वास्थ्य परीक्षण शिविर एवं मानसिक स्वास्थ्य पर आधारित काउन्सलिंग की व्यवस्था किया जाना।
- उच्च शिक्षण संस्थानों में छात्राओं के कैरियर एवं कौशल विकास हेतु कमेटी का गठन अनिवार्य रूप से किया जाना।
- छात्राओं को सुप्रीम कोर्ट की विशाखा गाइडलाइन्स के अनुसार कार्यस्थल महिलाओं के यौन उत्पीडन पर रोक लगाने सम्बन्धी अवांछनीय व्यवहारों प्रति जागरूक किया जाना।
- प्रत्येक उच्च शिक्षण संस्थान में छात्राओं की शिकायतों के निवारण हेतु "शक्ति केन्द्र" का गठन अनिवार्य रूप से किया जाना। छात्राओं की प्रत्येक शिकायत का रजिस्टर में पंजीकृत किया जाना तथा अधिकतम एक सप्ताह में निस्तारित किया जाना।
- प्रत्येक विश्वविद्यालय स्तर पर एक मिशन शक्ति नोडल नामित किया जाना (नाम, मोबाइल नंबर, ई मेल)
- महिलाओं की सुरक्षा सम्बन्धी हेल्प लाइन नंबर्स जैसे–112, 1090, 108 को वालराइटिंग के माध्यम से संस्थाओं में प्रदर्शित किया जायेगा।
- विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में विधि विभाग तथा जिला स्तरीय समितियों से समन्वय करते हुये व्याख्यान/काउंसलिंग कराया जाय।
- विभाग के नामित नोडल अधिकारी द्वारा प्रत्येक विश्वविद्यालय के मिशन शक्ति नोडल अधिकारी से प्रतिदिन सूचना/रिपोर्ट प्राप्त कर (गृह विभाग) के कन्सालिडेटेड पोर्टल पर अपलोड किया जायेगा।
- मिशन शक्ति (फेज–5) की मॉनीटरिंग तथा असिसमेन्ट हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा आई0आई0एम0 लखनऊ को नामित किया गया है, जो प्रत्येक विभाग के प्रमुख सचिव के साथ प्रेषित कार्ययोजना के सापेक्ष समयान्तर्गत समीक्षा की जायेगी।
- उपलब्धि प्राप्त महिलाएं जो अपने–अपने विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण कार्य किया हो उनके व्याख्यान/कार्यशाला कराया जाय।
- छात्र/छात्राओं की सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मिशन शक्ति सम्बन्धित शीर्षक पर प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाय।
- उच्च शिक्षा विभाग में मिशन शक्ति के प्रत्येक कार्यक्रम में विशेष रूप से छात्र (मेल स्टूडेन्ट्स) को जागरूक (सेन्सेटाइज) कराना सुनिश्चित किया जाय।
- मिशन शक्ति (फेज–5) के अन्तर्गत आत्मसुरक्षा सम्बन्धी प्रशिक्षण (जूडो कराटे, ताइक्वॉडो इत्यादि) आयोजित किया जाय।
- सोशल मीडिया के इनफ्लूइंसर्स जैसे–यूट्यूब इत्यादि द्वारा मिशन शक्ति (फेज–5) के कन्टेन्ट्स/सक्सेस स्टोरी को नियमित रूप से पोस्ट कराया जाय।
- किसी भी मिशन शक्ति कार्यक्रम आयोजित करने के पूर्व बेस लाइन सर्वे करने के उपरान्त निम्नांकित फॉर्मेट में एक्सएल शीट में रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करेंगे।

| विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय का नाम | एक्टीविटी | उद्देश्य/लक्ष्य | प्रतिभागियों की संख्या | दिनांक | उपलब्धियां |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |

**(विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों की बेस्ट मिशन शक्ति फेज–5 एक्टीविटी की एक्शन फोटोज/सेल्फ स्पीकिंग फोटोज के साथ शार्ट राइटअप/डिसकिरप्शन विभाग के नामित नोडल को प्रेषित किया जाय)**

---